प्रश्नोतर से संबंधित परिशिष्ट

परिशिष्ट 'चार'

[27/11/2017]

प्रश्न सं. [क्र. 613]

परिशिष्ट–1

...न्द्र सिंह तोमर
विधायक
मध्यप्रदेश विधान सभा
175, मांधाता (ओंकारेश्वर)

पता : [illegible]
दूरभाष : [illegible]
निवास : [illegible]
निवास दूरभाष : 07323-266545
पुनासा कार्यालय : 07323-288126
मोबाइल नं. [illegible]

क्रमांक

दिनांक 20/6/2017

प्रति,

कार्यपालन यंत्री,
नया भोपाल संभाग,
लोक निर्माण विभाग,
जवाहर चौक, भोपाल.

विषय:– शासकीय आवास कमांक एच–3, एच–4, एवं आई–2 आवासों जो कि ट्रांजिस्ट हॉस्टल भोपाल में स्थित है के पहुंच मार्ग अवरूद्ध किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषय में लेख है कि शासकीय आवास कमांक एच–3, एच–4, एवं आई–2 आवासों जो कि ट्रांजिस्ट हॉस्टल भोपाल में स्थित है। इन आवास गृहों में रह रहे रहवासियों हेतु उचित पहुंच मार्ग न होने के कारण उन्हें नित्य प्रतिदिन अनेक प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। पूर्व में जो खुला स्थान उपलब्ध था उसमें अन्य रहवासियों द्वारा अतिक्रमण कर निर्माण कर लिया गया है। आज दिनांक को स्थिति यह है कि इन आवासों में निवासरत कर्मचारियों को अपने दो पहिया वाहन तक उक्त स्थान से निकालना असम्भव हो रहा है। इस संबंध में प्रभावित रहवासियों द्वारा संधारण कार्य देख रहे सेक्शन में अनेक बार मौखिक रूप से उक्त समस्या के निराकरण हेतु निवेदन किया गया। परन्तु आज दिनांक तक इस ओर किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं की गई और उनकी उदासीनता के कारण समस्या विशेषकर बारिश के मौसम में और अधिक विकट स्थिति निर्मित हो जाएगी।

अतः आपसे अपेक्षा है कि आप व्यक्तिगत रूप से उक्त स्थल का निरीक्षण कर इस समस्या के स्थाई समाधान हेतु शीघ्र कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे।

भवदीय

(लोकेन्द्रसिंह तोमर)

T/S
8694
21-6-17